**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**12.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में राबोटिक सर्जरी का किया शुभारम्भ– महाविद्यालय में बीएससी नर्सिंग की सीटें बढ़ाकर 60 करने की घोषणा।
- ऊना में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क को केंद्र से मिली पर्यावरणीय मंजूरी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जल जीवन मिशन के तहत एक हज़ार 2 सौ 27 करोड़ रुपये जारी करने का केंद्र से किया आग्रह।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राज्यों के बीच आपसी सहयोग व सतत विकास को बढ़ावा देने पर दिया बल।
- केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और सावित्री ठाकुर आपदाग्रस्त कुल्लू ज़िला के दौरे पर– नुकसान का लिया जायज़ा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज चंडीगढ़ से टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के हर अस्पताल में विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है ताकि लोगों को ईलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि हाल ही में शिमला के चम्याणा अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए ये सुविधाएं विशेष रूप से मददगार होंगी। मुख्यमंत्री ने टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में बी.एस.सी. नर्सिंग की सीटों को बढ़ाकर 60 करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में 50 ऑपरेशन थियेटर रेडियोग्राफर के पद भी सृजित किए जाएंगे। इस दौरान टांडा में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार और आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## ड्रग पार्क

ऊना में स्थापित होने वाले बल्क ड्रग पार्क के लिए केंद्रीय पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय मंजूरी मिल गई है। इस स्वीकृति से बल्क ड्रग पार्क की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क भारत में दवा निर्माण के एक अग्रणी केंद्र के रूप में हिमाचल की स्थिति को मज़बूत करेगा और बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर उत्पन्न होंगे।

## मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सी. आर. पाटिल से भेंट कर भीषण आपदा के कारण हुए नुकसान के दृष्टिगत प्रदेश को उदारतापूर्वक सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। आज दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य को पिछले तीन वर्षों के दौरान जल शक्ति विभाग को लगभग 4 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत चल रही योजनाओं का कार्य पूरा करने के लिए एक हजार 2 सौ 27 करोड़ रुपये की जरूरत है। अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश के सामने आई गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए, आपदा के बाद आवश्यकता आकलन पीडीएनए के अन्तर्गत धनराशि तुरंत जारी करने का केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि विधायी संस्थाओं की लोगों में विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए सदन में सार्थक व परिणामयुक्त चर्चा होनी चाहिए। बैंगलुरू में चल रहे तीन दिवसीय 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमें चर्चाओं का स्तर बदलना होगा और सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को जनता के प्रति अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। पठानिया ने विधायी संस्थाओं की मजबूती के लिए सदन के अंदर गतिरोध की बजाए चर्चा का स्तर बढ़ाने पर बल दिया, ताकि चिंतन व मंथन से जनसमस्याओं का समाधान हो सके।

## धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद कर रही है। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद उन्होंने कहा कि 14 पंचायतों व नगर परिषद क्षेत्र में 18 कच्चे व पक्के मकान पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। राजेश धर्माणी ने बताया कि पहले चरण में इन मकानों के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित परिवारों को करीब 32 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है।

## राकेश जमवाल

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने प्रदेश की सुक्खू सरकार को संवेदनहीन करार देते हुए आपदा में राजनीति करने के आरोप लगाए हैं। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व भाजपा आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी हैं और उनकी भरपूर मदद कर रही है। राकेश जमवाल ने कहा कि आपदा प्रभावित हिमाचल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में प्रदेश का दौरा कर 15 सौ करोड़ रुपये की फौरी राहत देने का ऐलान किया है।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राज्यों के बीच आपसी सहयोग व सतत विकास को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया है। केरल अर्बन कॉनक्लेव कोची में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने संबोधन में उन्होंने कल के पहाड़ विज़न के तहत जलवायु संवदेनशील शहरी विकास की व्यापक योजना प्रस्तुत करते हुए ये विचार व्यक्त किए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल ने शहरीकरण की तेज़ रफ्तार और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विकास व संरक्षण को संतुलित करने का संकल्प लिया है। इस दौरान उन्होंने शहरी विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल की पहाड़ी परिस्थितियों के अनुरूप जलवायु संवेदशील, शहरी विकास मॉडल साझा करते हुए अन्य राज्यों के साथ अपने अनुभवों का आदान–प्रदान किया। सम्मेलन में केंद्रीय आवासन व शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद रहे।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर इन दिनों चंबा जिले के दौरे पर हैं और भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं में हुए नुकसान का जायज़ा ले रहे हैं। उन्होंने आज जनजातीय क्षेत्र भरमौर के हड़सर सहित अन्य इलाकों को दौरा किया। इस दौरान स्थानीय विधायक डॉक्टर जनक राज भी मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि चंबा जिला में इस मॉनसून सीजन में भारी वर्षा व भूस्खलन से भारी तबाही हुई है और सड़क, संचार व घरों सहित पशुधन को अत्यधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने भरमौर क्षेत्र के प्रभावितों को आश्वासन दिया कि वे उन्हें अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने का मामला राज्य सरकार के समक्ष उठाएंगे।

## दौरा

केंद्रीय शिपिंग व जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने आज कुल्लू ज़िला के बंजार विधानसभा क्षेत्र के बजौरा में आपदा प्रभावितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आपदाग्रस्त बजौरा में निर्माणाधीन आयुर्वेदिक अस्पताल और दियार पंचायत में स्थिति का जायजा लिया। शांतनु ठाकुर ने

बताया कि बंजार विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के दौरान वे आपदाग्रस्त क्षेत्रों के दौरा के दौरान नुकसान का आकलन कर केंद्र के समक्ष क्षेत्र की मांग रखेगें। इस बीच, केंद्रीय महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी आज कुल्लू व मनाली विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर कुल्लू पहुंची। इस दौरान उन्होंने सेउबाग पुल, रायसन, बंदरौल, पतलीकुहल से लैफ्ट बैंक होकर मनाली का दौरा किया और आपदा प्रभावितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। केंद्रीय राज्य मंत्री ने एन.एच.ए.आई., लोक निर्माण और बी.आर.ओ. के अधिकारियों से चर्चा कर सड़क बहाली जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मानूसन की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए भू–स्खलन से तीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग व 5 सौ 9 अन्य सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसी प्रकार 9 सौ 53 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 36 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार के मुताबिक 15 सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है और अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री ने टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में राबोटिक सर्जरी का किया शुभारम्भ– महाविद्यालय में बीएससी नर्सिंग की सीटें बढ़ाकर 60 करने की घोषणा।
- ऊना में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क को केंद्र से मिली पर्यावरणीय मंजूरी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जल जीवन मिशन के तहत एक हज़ार 2 सौ 27 करोड़ रुपये जारी करने का केंद्र से किया आग्रह।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राज्यों के बीच आपसी सहयोग व सतत विकास को बढ़ावा देने पर दिया बल।
- केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और सावित्री ठाकुर आपदाग्रस्त कुल्लू ज़िला के दौरे पर– नुकसान का लिया जायज़ा।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------
-